हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 पहली बारिश में टपका 40 लाख का डाइनिंग ...



12 जुगानी में मौसी घर से भगवान जगन्नाथ पहुंचे मंदिर...



[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

## खबर संक्षेप

### भारतीय मजदूर संघ का 72 वां स्थापना दिवस मना



**जगदलपुर।** भारतीय मजदूर संघ के 72 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ बस्तर संभाग द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर के महाराजा कमलचंद्र भंज देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सीवी राजेश, प्रांत महामंत्री शंखध्वनि सिंह बनाफर, अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य दिनेश पांडे, पूर्व पोस्ट मास्टर केपी पाणिग्राही, भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, संभागीय सचिव, परिमंडल सचिव एवं केंद्रीय संगठन मंत्री हेमंत कुमार पांडे, प्रदेश मंत्री विकास सिंह, रम उलाल सारवा, जिला मंत्री तोरण हिरवानी तथा अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग मोहम्मद नियाजुदीन सहित अनेक गणमान्य अतिथियों एवं संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।

### टेलीफोन अदालत कम ओपन हाउस 30 को

**जगदलपुर।** दूर संचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र जिला कांकेर, बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोंडागांव के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 30 जुलाई को 11 बजे प्रधान महाप्रबंधक दूर संचार जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाउस लगेगा। बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग सम्बन्धी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई हो ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं। फोरम अथवा न्यायालय में लंबित प्रकरण स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उपभोक्ता अपनी लिखित शिकायत 28 जुलाई तक वाणिज्यिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से ऑन स्पाट या डाक द्वारा भेज सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण भी बीएसएनएल सर्किल आफिस रायपुर द्वारा नियुक्त नॉमिनी की उपस्थिति में किया जाएगा।

### वन्यप्राणी की ड्रोन कैमरे से हो रही निगरानी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले अंतर्गत बिलोरी गांव के नजदीकी जंगल में 23 जुलाई की सुबह एक अज्ञात वन्यप्राणी के पंजों के निशान दिखाई दिए। सूचना मिलते ही वन विभाग की विशेष टीम तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर छानबीन शुरू कर दी। वन्यप्राणी की सटीक स्थिति और उसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए विभाग द्वारा पूरे इलाके में थर्मल ड्रोन कैमरे से सघन निगरानी की जा रही है। इलाके में किसी भी संभावित खतरे और अप्रिय घटना से बचाव के लिए वन विभाग ने ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती, तब तक कोई भी ग्रामीण लकड़ी बीनने, मवेशी चराने या अन्य किसी काम से बिलोरी और माचकोट से लगे जंगलों की तरफ न जाए। इसके साथ ही तड़के और देर रात के समय सुनसान रास्तों पर अकेले निकलने से बचने, बच्चों तथा बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। पालतू मवेशियों को रात में खुले में छोड़ने के बजाय सुरक्षित बाड़े में बांधने की सलाह ▶▶| शेष पेज 12 पर



# समयसीमा समाप्त होने के बाद भी नहीं बन सका आरओबी

## राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ ने काम में तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के सुकमा रोड में केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से 100 करोड़ रुपए की लागत से 1900 मीटर लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य 9 जनवरी 2026 तक होना था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते अब तक नहीं हो सका। हालांकि ठेकेदार ने एक जनवरी 2027 तक का एक्सटेंसन लिया गया है, फिर भी निर्माण कार्य सुस्त है। हाल ही में एनएच के एसडीओ ने इंजीनियर अजय कुमार गहलोत के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर नाराजगी दिखाई। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने निरीक्षण कर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए हैं।







***तेजी से निर्माण कार्य करें***

*लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि निर्माण कार्य का एक्सटेंसन लेने के बाद भी कार्य धीमा होने से ठेकेदार को कहा कि तेजी से कार्य करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

## एक पेड़ मां के नाम केवल अभियान नहीं, प्रकृति व मां के प्रति पवित्र कर्तव्य

# रोपे गए पौधे का संरक्षण परिवार के सदस्य की तरह किया जाए : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हरित बस्तर का महासंकल्प, एक पेड़ मां के नाम 3.0 पर हुआ जिला स्तरीय वन महोत्सव

शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावास परिसर में एक पेड़ मां के नाम 3.0 राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय वन महोत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया। बस्तर वनमंडल जगदलपुर द्वारा आयोजित इस समारोह में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं वन अधिकारियों, शिक्षाविदों, पर्यावरण प्रेमियों और छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पौधेरोपण केवल एक दिन का उत्सव या महज औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए प्रत्येक पौधे का संरक्षण परिवार के सदस्य की तरह किया जाए। अति विशिष्ट अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन ▶▶| शेष पेज 12 पर





### युवाओं से नेतृत्व करने की अपील

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने बस्तर के घने जंगलों, जनजातीय संस्कृति और नैसर्गिक वैभव को यहां की वास्तविक पहचान बताते हुए युवाओं से पर्यावरण संरक्षण अभियानों का नेतृत्व करने की अपील की।

### प्रभावित परिवारों को 3.25 लाख की राहत सौंपी

वन महोत्सव अवसर पर वन विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और राहत मदों के अंतर्गत हितग्राहियों को 36 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि और डमी चेक वितरित किए गए। इसके तहत तेंदूपत्ता संग्राहक कल्याण योजना के 5 हितग्राहियों को एक लाख रुपए से ज्यादा प्रोत्साहन राशि, मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन हेतु 5 विद्यार्थियों को एक लाख 15 हजार रुपए की छात्रवृत्ति तथा मलिक मकबूजा मद के अंतर्गत निजी भूमि के सागौन वृक्षों की कूप-कटाई के लाभांश स्वरूप 4 हितग्राहियों को 30 लाख 45 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत 3 कृषकों को 21 हजार रुपए तथा मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व राहत मद के तहत पशुधन और मानव क्षति से प्रभावित परिवारों को 3 लाख 25 हजार रुपए की राहत राशि सौंपी गई।

# छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में नगरनार में कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार क्षेत्र के गारावंडकला में भी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आज किया गया। नीट परीक्षा पेपर लीक, छात्रों के साथ हुए लाठीचार्ज तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार तथा नगरनार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सेठिया की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया गया। श्री मौर्य ने कहा कि लाखों छात्र एवं युवा अपने भविष्य को लेकर चिंताओं से जूझ रहे हैं। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में अनियमितताओं के आरोपों ने देशभर के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के बीच गहरी चिंता और आक्रोश पैदा किया है। उन्होंने कहा कि गरीब, मध्यमवर्गीय और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थी कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में यदि परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता होती है, तो इससे लाखों युवाओं की मेहनत ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तालाबंदी की चेतावनी के बाद बड़े चकवा स्कूल में पहुंचीं पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



खबर का असर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बड़े चकवा में एक माह से पाठ्यपुस्तकों की अनुपलब्धता को लेकर उठे विवाद और जनप्रतिनिधियों की चेतावनी का असर आखिरकार देखने को मिला। विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने के कारण पालकों, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी थी। मामले को लेकर ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने शुक्रवार तक पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने पर विद्यालय में तालाबंदी करने की चेतावनी दी थी। विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के लगभग एक माह बाद भी पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली थीं। इस कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के ▶▶| शेष पेज 12 पर

सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने बच्चे को किया बरामद

# दंतेवाड़ा से गुम नाबालिग का आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 11 वर्षीय गुमशुदा बालक का रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन के किया गया सुपुर्द

दंतेवाड़ा से गुम 11 वर्षीय नाबालिग को आरपीएफ जगदलपुर द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द कर दिया गया। दंतेवाड़ा पुलिस से सूचना मिली थी कि एक नाबालिग बालक ट्रेन में बैठकर जगदलपुर की ओर रवाना हुआ है। आरपीएफ निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 18516 से जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले लगभग 11 वर्षीय गुमशुदा बालक का रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द कर दिया गया है। दंतेवाड़ा कोतवाली टीआई धनजंय सिन्हा द्वारा आरपीएफ जगदलपुर को सूचना दी गई थी कि दंतेवाड़ा का एक गुमशुदा नाबालिग बालक ट्रेन संख्या 18516 से यात्रा कर रहा है। टीआई द्वारा पहचान के लिए बालक का फोटो भी साझा किया गया था। सूचना के आधार पर आरपीएफ की टीम द्वार तत्काल ट्रेन संख्या 18516 के 19:44 बजे प्लेटफॉर्म क्रमांक एक जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर एसआई के वंजना कुमारी, एएसआई टीएल राव व कान्सटेबल मोनिका व टीम द्वारा बालक की पहचान कर उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बादल भास्कर, उम्र लगभग 11 वर्ष, पिता शिव भास्कर निवासी दंतेवाड़ा का रहने वाला बताया। इसके बाद बच्चे को आगे की पूछताछ ▶▶| शेष पेज 12 पर




# नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए करें सार्थक प्रयास : कमिश्नर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नगरीय प्रशासन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा

कमिश्नर डोमन सिंह ने नगरीय प्रशासन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी एवं सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में आम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सभी योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरों एवं नगर पंचायतों में नियमित सफाई, कचरा संग्रहण एवं समुचित निपटान की व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित की जाए, जिससे स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन हितग्राहियों ने अब तक अपने आवास का निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उनकी काउंसलिंग कर उन्हें स्वयं का पक्का आवास बनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने और आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कमिश्नर ने प्रत्येक नगरीय निकाय में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने तथा नागरिकों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक कम से कम दो पौधे निःशुल्क वितरित किए जाएं और उनके संरक्षण के प्रति भी जनजागरूकता बढ़ाई जाए।

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार पर बल देते हुए कमिश्नर ने नगरीय निकायों के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में डिजिटल माध्यम से अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था विकसित करने की पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधन विकसित किए जाएं। बैठक में सयुंक्त संचालक नगरीय प्रशासन जयंत सिन्हा, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्री, सांसद, विधायक ने पूजा अर्चना कर मांगा क्षेत्र की सुख समृद्धि का आशीर्वाद

# तुपकी की सलामी और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ बस्तर का गोंचा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोंचा महापर्व का अंतिम विधान बाहुड़ा रथयात्रा आज उल्लास के साथ संपन्न हो गया। शुक्रवार की शाम सिरहासार के सामने से भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र को रथारूढ़ कर रथयात्रा शुरू हुई। इस दौरान जय जगन्नाथ के जयघोष गुंजायमान रहा। तीन विशाल और सुसज्जित रथों पर सवार होकर 22 देव विग्रह के साथ अपनी मौसी के घर (जनकपुरी) से वापस मुख्य मंदिर लौटे। इसे देखने के लिए पूरे संभाग सहित पड़ोसी राज्य उड़ीसा से श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। इस दौरान वनमंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय, पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने रथयात्रा में भाग लेकर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख शांति तथा समृद्धि की कामना की। इस दौरान बस्तर की सदियों पुरानी अनूठी परंपरा देखने को मिली जिसमें तुपकी से सलामी दी गई। श्रद्धालु पारंपरिक बांस की तुपकी में पेंग भरकर भगवान को सलामी देते रहे। वहीं पके हुए कटहल के फल बाजार में खूब बिका जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में भगवान को अर्पित किया। ओडिशा से आए नर्तक दल ने जगन्नाथ स्वामी के रथ के सामने मोहक ओड़िया भजन के साथ नृत्य किया जो कि आकर्षण का केन्द्र रहा। मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ 4 माह के लिए निद्रा में चले जाते है। जिसे देवशयनी कहा जाता है। देवशयनी के चार महीने तक विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे मांगलिक और शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। इसे चातुर्मास कहा जाता है।





***भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद***

*360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य आत्मा राम जोशी ने बताया कि परंपरा के अनुसार 104 गांवों के ब्राह्मणों और जन सहयोग से छह दिवसीय विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद पाया। इस सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए समाज ने जिला प्रशासन, पुलिस बल और जनता का आभार व्यक्त किया है।*

## खबर संक्षेप

### स्कूल को पार्षद निधि से मिला आधुनिक साउंड सिस्टम



**बस्तर।** स्थानीय जनपद प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बस्तर में बच्चों और शिक्षकों के लिए सुखद सौगात मिली है। नगर पंचायत बस्तर के वार्ड पार्षद समीर मिश्रा ने अपनी पार्षद निधि से विद्यालय को जेब्रोनिक्स कंपनी का आधुनिक ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रदान किया है। साउंड सिस्टम मिलने से अब स्कूल में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय पर्वों और सुबह की प्रार्थना सभा के संचालन में काफी सुविधा होगी। विद्यालय को यह उपहार मिलने पर बच्चों, शिक्षकों और स्थानीय जन समुदाय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक सूर्य प्रकाश मिश्रा ने शाला विकास समिति और स्कूल परिवार की ओर से पार्षद समीर मिश्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और स्कूल के विकास के लिए आगे भी इसी तरह सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

### डीएवी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




**किरंदुल।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचेली में 18 जुलाई को आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट में डीएवी किरंदुल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जोनल स्तर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बालक वर्ग अंडर 17 शतरंज, अंडर14 फुटबॉल एवं अंडर-19 टेबल-टेनिस, बालिका वर्ग अंडर 17 शतरंज में जीत हासिल की। इस शानदार जीत पर विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा छात्र-छात्राओं का यह प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है और हमें पूरा विश्वास है कि वे जोनल स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में खेल शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं खेल शिक्षिका तृप्ति प्रसाद का विशेष योगदान रहा।

### पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का किया मॉकड्रिल

# पुलिस ने खुद ही किया प्रदर्शन नियंत्रित करने बरसाई लाठियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले में अब नक्सल चुनौति के समाप्ति के बाद शहरों मे होने वाले प्रदर्शन को रोकने के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दिया है। पुलिस लाईन में जहां खुद को प्रदर्शनकारी के तौर पर खड़े रखकर नारेबाजी की तो दुसरी ओर पुलिस कर्मी स्वयं मोर्चा संभाले खड़े होकर जमकर सांकेतिक लाठियां बरसाई।

■ आपात स्थिति से निपटने खुद को किया तैयार

किसी भी आपातकालीन स्थिति, कानून-व्यवस्था की चुनौती और संभावित दंगा जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सुकमा पुलिस ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस आरक्षी केंद्र में दंगा नियंत्रण संबंधी व्यापक अभ्यास (मॉक ड्रिल) आयोजित किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी, जवान, पुलिस परिवार के सदस्य तथा आम नागरिकों ने भी भाग लिया। पुलिस लाईन में सैकड़ो जवान जहां खुद को प्रदर्शनकारी के तौर पर खड़े रखकर नारेबाजी की तो दुसरी ओर पुलिस कर्मी स्वयं मोर्चा संभाले खड़े होकर जमकर सांकेतिक लाठियां बरसाई। इस दौरान अश्रु गैंस का भी प्रयोग के तौर पर उपयोग किया गया।





#### प्रदर्शनकारियों की खैर नहीं

देश की रजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में हुए प्रदर्शन के बाद सुकमा जिला भी सर्तक हो गया है। युबेदार रमेश पुरेना एवं विकास नारंग ने मॉक ड्रिल में पुलिस ने रायट गियर, शील्ड, लाठी, हेलमेट, आंसू गैस, वाटर कैनन और अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग का अभ्यास करने की जानकारी दी। जवानों को भीड़ को नियंत्रित करने, न्यूनतम बल प्रयोग, संवेदनशील परिस्थितियों में संयम बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया।

#### आकस्मिक परिस्थिति के लिए पुलिस तैयार

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में बदलते सामाजिक और सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए इस प्रकार के अभ्यास आवश्यक हैं, ताकि किसी भी अप्रिय या आकस्मिक स्थिति में पुलिस बल त्वरित, समन्वित और प्रभावी कार्रवाई कर सके। अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की तत्परता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समन्वय और आपदा एवं कानून-व्यवस्था से निपटने की दक्षता को और मजबूत करना है। सुकमा पुलिस का कहना है कि इस तरह के नियमित अभ्यास से न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि आपात स्थिति में आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है।

#### पूरी रणनीति के साथ संभाला मोर्चा

पुलिस लाईन में अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों ने ही प्रदर्शनकारियों की भूमिका निभाई। नारेबाजी, जुलूस, भीड़ का उग्र प्रदर्शन और कानून-व्यवस्था बिगड़ने जैसी काल्पनिक परिस्थितियां तैयार की गईं। इसके बाद दंगा नियंत्रण दल ने पूरी रणनीति के साथ मोर्चा संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित करने की कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

#### पुलिस को और सक्षम बनाने का प्रयास



पुलिस लाईन सुकमा में हुए मॉकड्रिल के संबंध में अति पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की ने बताया कि बदलते परिवेश के मद्देनजर पुलिस को और सक्षम बनाने के उद्देश्य से बलवा रोधी दस्ता का मॉकड्रिल कराया गया।

## तुलिका कर्मा ने दुकान आबंटन और सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शहर के नए मांस बाजार में दुकानों के आबंटन को लेकर मांस विक्रेताओं के बीच असहमति की स्थिति सामने आने के बाद जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने बाजार स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विक्रेताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अव्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई मांस विक्रेताओं ने दुकान लगाने जगह नहीं मिलने की समस्या बताई। विक्रेताओं का कहना था कि सभी हितधारकों की सहमति से दुकानों का आवंटन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

तुलिका कर्मा ने बाजार परिसर में सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति, गंदगी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी पर भी कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मांस बाजार जैसे संवेदनशील स्थान पर स्वच्छता और व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किए गए तो इसका असर आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। उन्होंने नगर पालिका से मांग की कि दुकान आबंटन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो तथा सभी मांस विक्रेताओं की सहमति और नियमों के अनुरूप निर्णय लिया जाए। साथ ही बाजार परिसर में नियमित सफाई, पेयजल, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं।

इधर, इस पूरे मामले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि दुकान आबंटन को लेकर उत्पन्न विवाद उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में नगर पालिका और मांस विक्रेताओं के बीच बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पक्षों की बात सुनकर नियमानुसार एवं आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाते हुए सभी पात्र विक्रेताओं के हितों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि बाजार का संचालन सुचारू रूप से हो सके और किसी भी प्रकार की असहमति की स्थिति समाप्त हो।

## दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के चलते लगाया जुर्माना



**गीदम।** नगर पंचायत बारसूर द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लगातार औचक निरीक्षण और जब्ती अभियान चलाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन व प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने वाले व्यावसायिक दुकानों पर जुर्माना लगाने और पॉलीथिन जब्त करने की कार्रवाई की गई है। इसके तहत 5 दुकानदारों पर 1000 का जुर्माना एवं 0.5 किलो पॉलीथिन जब्ती की गई है तथा दुकानदारों व व्यापारियों को समझाइश दी गई है, भविष्य में प्रतिबंधित सिंगल यूज सामग्री के निर्माण, परिवहन, एवं आपूर्ति न की जाए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा शहर वासियों के साथ व्यापारी संस्थाओं से प्रतिदिन के कार्यों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की।

## सायबर ठगी से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के मार्गदर्शन में साप्ताहिक हाट में साइबर अपराधों से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम नागरिकों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा बैंक, आधार अपडेट, एटीएम अपडेट, ई-केवाईसी या अन्य किसी बहाने से फोन करने वाले अज्ञात व्यक्तियों को अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी बिल्कुल साझा न करें। साथ ही लोगों को सलाह दी गई कि किसी भी एपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। स्वयंसेवकों ने यह भी बताया कि यदि आप कहीं भ्रमण पर गए हैं, तो अपनी सेल्फी या फोटो तत्काल सोशल मीडिया पर साझा न करें। यात्रा पूरी होने और सुरक्षित घर लौटने के बाद ही फोटो पोस्ट करें, जिससे आपकी लोकेशन



का दुरुपयोग न हो सके और आप साइबर अपराधियों के निशाने पर आने से बच सकें।

कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए, तो बिना समय गंवाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें तथा संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस अभियान में महादल नायक मनोज नाग, महादल नायिका राधिका कश्यप, यशोदा मौर्य, अंकिता, अनुशिका, नेहा समरथ, लच्चिनी, दिलीप कश्यप, राखी राम, पिंटू सहित स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## खीर-पूड़ी, पनीर और हरी सब्जियों के साथ परोसा गया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के विकासखंड भैरमगढ़ में शिक्षा विभाग की पहल पर सामाजिक सहभागिता और बच्चों के पोषण को केंद्र में रखकर एक साथ 324 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में न्योताभोज महाअभियान आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन में लगभग 16 हजार विद्यार्थियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा गया।

कलेक्टर विश्वदीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस महाअभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री पूरक पोषण पीएम पोषण योजना के अंतर्गत बच्चों को बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालयों में नियमित उपस्थिति और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। महाअभियान को सफल बनाने में



विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रह्लाद जैन, बीआरसी डी. राय, संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, प्रधान अध्यापकों तथा मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी विद्यालयों में स्थानीय उपलब्ध संसाधनों एवं सब्जियों के आधार पर विविध प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए। कहीं बच्चों को खीर-पूड़ी और पनीर की सब्जी, तो कहीं हरी सब्जियों, गर्म भोजन और मिष्ठान के साथ विशेष न्योता भोज परोसा गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस सामूहिक भोज का आनंद लिया।

## भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के करपावंड क्षेत्र की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम देखने को मिला। भाजपा के करपावड मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष सोभाराम भारती ने 40 साल से भाजपा के लिए सक्रिय रूप से

■ किसानों, मजदूरों, युवाओं व आदिवासी समाज के हितों के लिए सक्रियता से करेंगे कार्य

काम किया एवं क्षेत्र के सक्रिय आदिवासी नेता ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। उनके इस राजनीतिक फैसले को करपावंड क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में शोभाराम भारती ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम में



जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शुभाष गुलाटी, उपाध्यक्ष टीवी रवि एवं उत्तम नाईक, सचिव अर्जुन पाण्डेय, बद्रीनाथ जोशी, बकावंड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम बिसाई, करपावंड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनाधर बघेल, बस्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गणेश बघेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद शोभाराम भारती ने कहा कि वर्तमान समय में किसान, मजदूर, छात्र और आम नागरिक अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उनका आरोप था कि जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर अपेक्षित कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और आम जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

भारती ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं तथा आगे किसानों, मजदूरों, युवाओं और आदिवासी समाज के हितों के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी दोहराया।



## दुलारदई माता गुड़ी में हुई पूजा

**बस्तर।** गोंचा बाजार स्थित दुलारदई माता गुड़ी घोटिया में नौ गांवों के देवी-देवताओं और क्षेत्र के सभी गांवों के ग्रामीणों की उपस्थिति में भव्य पूजा-अर्चना किया गया। पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न इस पूजा में देवी-देवताओं से क्षेत्र में सुख, शांति, अच्छी वर्षा और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया।इस दौरान दुलारदई माता के पुजारी प्रताप सिंह ठाकुर, लोहाजरीन माता के पुजारी मंगल बंछोर, माटी पुजारी सकरू बघेल, मांझी बलदेव कश्यप और लैम्प्स अध्यक्ष जीवनाथ बघेल ने मुख्य रूप से पूजा संपन्न कराई। नौ गांवों के सिरहा, पटेल, गुनिया सहित महिला-पुरुष उपस्थित रहे। ढोल-नगाड़े और पारंपरिक गीतों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने माता से फसल अच्छी होने और गांव में रोग-दुख दूर होने की प्रार्थना की। लैम्प्स अध्यक्ष ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष सभी गांव मिलकर एक साथ पूजा करते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और एकता मजबूत होती है।

## हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना हमारी प्राथमिकताः अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन आज एजुकेशन सिटी ऑडिटोरियम में किया गया।

■ बाढ़ पीड़ित बच्चों को दी गई पाठ्य सामग्री और बैग

मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। शाला प्रवेशोत्सव बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान है। सरकार प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा, आवश्यक सुविधाएं और समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ




अपने सपनों को साकार कर सकेंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में प्रवेश कराने और उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण जैसी योजनाएं विद्यार्थियों की शिक्षा को सुगम बनाती हैं तथा विशेष रूप से बालिका शिक्षा को नई दिशा प्रदान करती हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता ही समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नियमित अध्ययन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर विद्यार्थी अपने परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन करें।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से जिले में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है।

## विकास कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही होने लगी सुनिश्चित

हरिभूमि न्युज ▶▶| सुकमा

जिले में शासकीय योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने और विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। कलेक्टर

■ 5 पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस, 1 सचिव जिला पंचायत संलग्न

अमित कुमार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की लगातार मैदानी मॉनिटरिंग और सख्त कार्यशैली का असर अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है।

शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे प्रशासनिक अमले में जवाबदेही का माहौल बन रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कोंटा में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर भी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान कई ग्राम पंचायतों में योजनाओं की प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने और बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।



#### आगे और भी होंगी कठोर कार्रवाई

कलेक्टर अमित कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आम लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि यदि कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो आगे और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### लापरवाही बर्दास्त नहीं

समीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहने तथा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले 5 ग्राम पंचायत सचिव जितेंद्र निर्मलकर, सोड़ी भीमा, किच्चे मल्ला, माड़वी हड़मा एवं बोड्डी गंगा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं कार्यों में तेजी लाने और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से बोड्डी गंगा पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत में संलग्न कर मुचाकी अनिल को केरलापेंदा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार संबंधित पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यों में छह माह बीत जाने के बाद भी संतोषजनक प्रगति नहीं मिली। इसे छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 03(1)(एक)(दो) का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की गई।

#### जनता की अपेक्षाओं पर उतरें खरा



जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयसीमा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## नक्सली हिंसा में मृतकों के परिजनों को 55 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिकों के मृत्यु होने पर प्रावधानुसार कुल 11 लाभार्थी को 55 लाख रूपए सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत वित्तीय सहायता की 50 प्रतिशत राशि पीड़ित/लाभार्थी के आधार से जुड़े बचत बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से तथा शेष 50 प्रतिशत राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/ अनुसूचित वाणिज्यि बैंक में 3 वर्ष की अवधि के लिय सावधि जमा के रूप में लॉक ईन अवधि के दौरान तिमाही ब्याज और लॉक ईन अवधि के पश्चात मूल राशि सीधे लाभार्थी के खाते में जमा करने हेतु निर्देश दिया गया है।

## चिरायु टीम ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु टीम ने बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला भूरसुण्डी तथा प्राथमिक शाला महुगुडा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

बच्चों की सामान्य शारीरिक जांच, आंख, कान, दांत, त्वचा, पोषण स्तर सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की। टीम ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी।

चिरायु टीम ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समय पर स्वास्थ्य जांच कराने



तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों से बच्चों में बीमारियों की समय रहते पहचान और उपचार संभव हो पाता है। इस अवसर पर डॉ. गौरव चौरसिया, संस्था प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी, शिक्षिका रश्मि नेताम, हेमलता कश्यप, लोकेश रावटे, डोमिनी नाग स्वास्थ्य कार्यकर्ता अमरनाथ नाग फार्मासिस्ट सहित भृत्य पंडरु राम कश्यप मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पीएमईजीपी की सहायता से किया स्वरोजगार स्थापित



**जगदलपुर।** शहर के 36 वर्षीय किशन जंगम ने तंगहाली और सीमित साधनों की बेड़ियों को तोड़कर न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि शासन की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की सहायता से स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भरता की एक मिसाल पेश की है। किशन ने स्नातक की डिग्री हाथ में आते ही दूसरों के अधीन काम करने के बजाय खुद मालिक बनने का फैसला कर लिया था। प्रिंटिंग की दुनिया में उनका मन हमेशा से रमता था, लेकिन एक नए व्यापार को शुरू करने के लिए पूंजी की जरूरत थी और राहों में वित्तीय चुनौतियों का पहाड़ खड़ा था। निराशा के बादल गहराने लगे थे, पर किशन के इरादे डिगने वाले नहीं थे। इसी बीच उनके एक मित्र ने उन्हें केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के बारे में बताया। उम्मीद की एक किरण मिलते ही किशन ने देर नहीं की और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारियों से चर्चा की। 2019 में पंजाब नेशनल बैंक से उनके लिए 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया, जिसके साथ डेढ़ लाख रुपये की सरकारी सब्सिडी भी मिली। इस आर्थिक संबल के बल पर जगदलपुर में प्रिंटिंग प्रेस शुरू किया। किशन कहते हैं कि उनकी सफलता सिर्फ उनके अपने घर तक सीमित नहीं रही। अपनी मेहनत और व्यावसायिक सूझबूझ के दम पर जब उनका प्रिंटिंग का काम फैला, तो उन्होंने यहाँ के 6 स्थानीय युवाओं को अपने साथ जोड़ा और उन्हें सम्मानजनक रोजगार प्रदान किया। आज जब हर महीने उन 6 परिवारों के घरों में खुशहाली का चिराग जलता है, तो किशन की सफलता की खुशी और अधिक बढ़ जाती है। जिस व्यवसाय की शुरूआत आर्थिक तंगी के साय में हुई थी, आज उसका वार्षिक टर्नओवर 30 से 35 लाख रुपये तक पहुंच चुका है।

# बकाया टैक्स न चुकाने वाले वाहन मालिकों को नोटिस, कुर्की और जब्ती की तैयारी तेज

## उड़नदस्ता मार्गों और बॉर्डर चेकपोस्टों पर कर रही औचक चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बिना टैक्स पटाए व्यवसायिक वाहन बेधड़क दौड़ रहे हैं। साथ ही विभाग अब टैक्स नहीं चुकाने पर वाहनों को ब्लैक लिस्ट करने की योजना बना रहा है। वसूली नहीं होने पर वाहन स्वामियों के खिलाफ कुर्की करने की तैयारी की जाएगी। बकाया टैक्स वाले वाहनों पर नकेल कसने के लिए परिवहन विभाग ने विशेष वसूली अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत चेकपोस्ट और उड़नदस्ता टीमों द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। बकाया कर और जुर्माना जमा न करने पर वाहनों को जब्त (सीज) करने की सख्त कार्रवाई की जाएगी। वाहन मालिकों को बिना किसी परेशानी के अपना टैक्स जमा करने के लिए विभाग द्वारा कई प्रकार की ऑनलाइन और विशेष सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। परिवहन विभाग ने वसूली के लिए वाहन मालिकों को व्यक्तिगत नोटिस जारी किया जा रहा है।




### जब्ती व रिकवरी होगी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि विभाग के उड़नदस्ता एवं बेरियर प्रभारी को निर्देश दिया कि बकाया टैक्स की वसूली के लिए अभियान शुरू करें। बकायादारों को कहा कि वाहन स्वामियों के टैक्स लंबे समय से लंबित हैं। वे समय रहते अपना बकाया और जुर्माना चुका दें, अन्यथा नियमानुसार सख्त जप्ती और रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन जमा करने की सुविधा

विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग की वेबसाइट है। जिले भर में चलने वाली गाड़ियों और उनके स्वामियों के नाम चालान की डिटेल दर्ज है। वेबसाइट खोलकर वाहन क्रमांक डालने पर वाहन संबंधित बकाया टैक्स की सारी जानकारी आ जाती है। इसमें ऑनलाइन टैक्स जमा किया जा सकता है, लेकिन छूट की स्थिति में कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भानपुरी में प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

# केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक चंदन कश्यप व ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय नेताम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और प्रधानमंत्री का पुतला

■ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

दहन किया। कश्यप ने कहा कि लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है और छात्रों की आवाज उठाने वाले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ अभद्रता की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना विरोध जारी रखेगी। युवाओं से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार जवाबदेही से बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

नेताम ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता जताई।

पुतला दहन के समय पुलिस प्रशासन तैनात रहा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला छीनने को लेकर कुछ देर तक झूमाझटकी की स्थिति बनी रही। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंत में भानपुरी चौक में पुतला फूंका।

इस दौरान जीतेन्द्र जैन, जीवन सेठिया, बबलू बघेल, श्यामकुमारी ध्रुव, देवेंद्र कोर्राम,सुखराम पोयाम, अभिषेक बाजपेई, अनिल बघेल, पूनऊ कश्यप, यसवंत मौर्य, मयूर नायक, प्रमोद मौर्य भुनेश्वर कश्यप, दया बघेल, जइत पटेल, मोसु बघेल, कृष्णा कश्यप, लक्ष्मण, रोमू एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# कमलचंद्र के महालक्ष्मी के राजमहल पधारने के उल्लेख पर आरण्यक समाज में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रियासत कालीन बस्तर गोंचा महापर्व अंतर्गत शताब्दियों पुरानी हेरा पंचमी पूजा विधान की परंपरा का निर्वहन इस वर्ष भी 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पदेन पाढ़ी एवं पानीग्रही के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। जिसमें परंपरानुसार श्री जगन्नाथ मंदिर से महालक्ष्मी की माया स्वरूप दासी की

■ हेरा पंचमी का पूजा विधान पाढ़ी और पाणीग्राही परिवार पुरखों से करते आ रहे

डोली राज परिवार के घर इसके बाद राजगुरु बाड़ा में उनके घर एवं अन्य घरों में पहुंची। श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी की तलाश करते हुए वापस श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुंचकर माता महालक्ष्मी को सूचित करने की परंपरा का निर्वहन कर भगवान श्रीजगन्नाथ गुंडिचा मंदिर




मौसी के घर में विराजमान हुए। इसके बाद महालक्ष्मी की माया स्वरूप दासी की डोली के साथ एक अन्य दूसरी डोली रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए गुंडीचा मंदिर पहुंचकर लक्ष्मी-नारायण संवाद की परंपरा संपन्न कराया गया, जिसे हेरा पंचमी पूजा विधान कहा जाता है। इस संबंध में राजपरिवार के युवराज कमल चंद्र भंजदेव ने सोशल मीडिया में यह उल्लेखित किया कि मां महालक्ष्मी भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की खोज में राजमहल पधारी।

इस पर 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के पदेन पानीग्राही राधाकांत पानीग्राही ने बताया कि हेरा पंचमी पूजा विधान में महालक्ष्मी की माया स्वरूप दासी भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी की तलाश करने राज परिवार के घर पंहुचती हैं, फिर राजगुरु बाडा में उनके घर में नहीं मिलने पर पूछताछ कर जनकपुरी के समक्ष उनका रथ नंदी घोष को देखते हैं उसके पश्चात श्रीमंदिर लौटकर महालक्ष्मी को बताते हैं कि प्रभु श्रीजगन्नाथ सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी जनकपुरी में अपनी मौसी के घर में है। ततपश्चात महालक्ष्मी की माया स्वरूप दासी के साथ महालक्ष्मी जनकपुरी पंहुचते हैं, उसके पश्चात महालक्ष्मी-नारायण संवाद होता है। समस्त पूजा विधान 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के पाढ़ी एव पाणिग्राही के द्वारा संपन्न करवाया जाता है। उन्होने बताया कि यह उत्सव भगवान श्रीजगन्नाथ और देवी महालक्ष्मी के बीच अनूठे, प्रेमपूर्ण और मानवीय मान-मनौव्वल को दशार्ता है।

## सीसीएफ ने किया पौधरोपण...



**जगदलपुर।** वन विभाग की ओर से धरमपुरा स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय के बॉयज हॉस्टल परिसर वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शुक्रवार को मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टायलो मंडावी ने एक पेड़ मां के नाम 3 .0 के अंतर्गत पौधा का रोपण किया।

# लिखित समझौते का पालन करे प्रशासन और प्रबंधन : नवनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा कुमार मारेंगा में दंडकारण्य टिप-ट्राला संघ तथा बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के

■ तोकापाल एसडीएम को ज्ञापन देकर 10 अगस्त का दिया गया समय

संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने आज एसडीएम तोकापाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि जिला प्रशासन की उपस्थिति में एनएमडीसी, ग्राम पंचायत एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के मध्य हुए 7 बिंदुओं के लिखित समझौते का 10 अगस्त तक शत-प्रतिशत पालन किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद, दंडकारण्य टिप-ट्राला संघ के अध्यक्ष बलराम मौर्य, ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा की सरपंच, ग्रामवासी एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए समिति बनाई गई है। स्थानीय रोजगार और परिवहन व्यवस्था से जुड़े विषयों पर ग्राम सभा की अनुशंसा की उपेक्षा करना संवैधानिक व्यवस्थाओं की मूल भावना के विपरीत है। नवनीत ने कहा यह किसी कंपनी या संस्था के खिलाफ संघर्ष नहीं है। यह बस्तर के युवाओं के रोजगार, ग्राम सभा की गरिमा और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के सम्मान का संघर्ष है। हमारी मांग इतनी है कि जो लिखित रूप से स्वीकार किया गया है उसका ईमानदारी से पालन किया जाए।

उन्होंने कहा कि बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों से संचालित परियोजनाओं में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिलना सामाजिक न्याय और सहभागी विकास की अनिवार्य शर्त है। सरपंच ने कहा ग्राम सभा अनुसूचित क्षेत्रों की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है। ग्राम सभा के निर्णयों, प्रशासनिक बैठकों और लिखित समझौतों का सम्मान होना चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि 10 अगस्त तक सातों बिंदुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती तो शांतिपूर्ण धरना, काम रोको अभियान प्रारंभ करेंगे।



# वन मंत्री ने पौधारोपण कर हरित पर्यावरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तोकापाल विकासखंड के ग्राम मोरठपाल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक पेड़ मं के नाम 3.0 अभियान के

■ एक पेड़ मां के नाम पर वन महोत्सव में किया पौधरोपण

अंतर्गत जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान के तहत पौधरोपण कर हरित पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय, जिला पंचायत सदस्य सुश्री पद्मनी कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, जनपद अध्यक्ष रामवती भंडारी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश जोशी, सरपंच सुमित्रा कश्यप, उपसरपंच संतोष मेघेश सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टाइलो मंडावी, डीएफओ शमा फरूखी, एसडीओ दिलीप सिन्हा, रेंजर मोहम्मद सलीम तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### हरित भविष्य का लिया संकल्प

कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। छात्राओं की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति की उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संकल्प लिया।

# दंडकारण्य परियोजना के पुनर्वासित परिवार रजिस्ट्री पट्टा नहीं मिलने से भूमिहीन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति एवं बंगाली समाज बस्तर के प्रतिनिधिमंडल ने दंडकारण्य परियोजना के पुनर्वासित परिवारों को आबंटित भूमि का रजिस्ट्री एवं भूमिस्वामी अधिकार प्रदान किए जाने

■ बांग्लादेश से 60 साल पहले आए लोगों को यहां बसाया गया था

■ राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश से आए विस्थापित परिवारों के स्थायी पुनर्वास के उद्देश्य से उन्हें कृषि भूमि, आवासीय भूखंड, कृषि उपकरण, पशुधन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। इसके समर्थन में दंडकारण्य विकास प्राधिकरण, योजना आयोग तथा पुनर्वास विभाग के मूल सरकारी अभिलेख भी प्रस्तुत किए गए। पुनर्वासित परिवार पिछले 60 वर्षों से भूमि पर लगातार काबिज हैं तथा उनकी तीन पीढ़ियां इसी भूमि पर निवास और खेती करती आ रही हैं। इसके बावजूद आज तक अधिकांश परिवारों को भूमि की वैधानिक रजिस्ट्री एवं भूमिस्वामी अधिकार प्राप्त नहीं हुए हैं, जिससे उन्हें विभिन्न प्रशासनिक एवं कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय अध्यक्ष जीवानंद हालदार, महासचिव श्याम घोष, सह सचिव प्रदीप गुहा, मीडिया प्रभारी मृण्मय बारोई, तपन दत्ता, गोपाल मलिक, बिजन विश्वास, मिंटू, अनिमेष पाल, राहुल सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ग्रामीणों से की चर्चा, मरीजों को किट एवं उपचार पंजी किए वितरित

# सिकलसेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सिकलसेल एनीमिया के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और रोग की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड बकावंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की। शिविर का निरीक्षण कलेक्टर आकाश छिकारा ने किया तथा शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद की।

कलेक्टर ने शिविर स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मेडिकल बोर्ड द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण, खून की जांच, सिकलसेल एनीमिया की स्क्रीनिंग, दवा वितरण तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण कर आवश्यक



निर्देश दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर और जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने सिकलसेल एनीमिया से प्रभावित मरीजों को सिकलसेल किट एवं उपचार पंजी वितरित की। उन्होंने कहा कि सिकलसेल एनीमिया की समय पर जांच, नियमित उपचार और सतत निगरानी से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि परिवार के सभी पात्र सदस्यों की जांच अवश्य कराएं तथा किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण की जानकारी दी। साथ ही आयुष्मान कार्ड, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निगरानी एवं सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए जिले में संचालित विशेष कॉल सेंटर एवं ट्रैकिंग व्यवस्था की भी जानकारी दी। इस दौरान श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिकों को प्रसूति सहायता योजना, छात्रवृत्ति तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभों से अवगत कराया गया। शिविर में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए मेडिकल बोर्ड की व्यवस्था की गई, जहां दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए, जिससे पात्र हितग्राही पेंशन एवं अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ, स्वास्थ्य विभाग के डॉ ठाकुर, डॉ मैत्री, डीपीएम रीना लक्ष्मी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिकलसेल के मरीज नियमित जांच कराएं

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सिकलसेल एनीमिया के लक्षण, बचाव, उपचार और नियमित जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही रोगियों को दवाइयों का वितरण किया गया तथा नियमित फॉलोअप के लिए प्रेरित किया गया।

